नगर आयुक्त ने किया पौधरोपण के कार्य का निरीक्षण।

सुभाष चौराहा से चारों मार्गों पर होगा पौधरोपण

शाहजहांपुर। नगर आयुक्त ने सुभाष चौराहे के चारों तरफ नगर निगम द्वारा कराये गये पौधरोपण एवं टाउनहाल स्थित शहीद पार्क का निरीक्षण किया गया और सर्वप्रथम नगर क्षेत्र के सिटी पार्क से सुभाष चौराहा, मोहम्मदी रोड, अटसलिया फाटक तक एवं रेती रोड पर कराये गये पौधरोपण के कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संबन्धित को निर्देशित किया गया कि तेज धूप को ध्यान में रखते हुये पौधों की उचित देखभाल हेतु पौधों को नियमित रुप से पानी दिया जाए व निरीक्षण स्थलों पर ट्री गार्ड लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही ट्री गार्ड की रंगाई पुताई किये जाने हेतु संबन्धित व्यक्तियों को निर्देशित किया गया।